Ans. (c) – जगत शिरोमणि मन्दिर, आमेर दुर्ग के उत्तर-पश्चिम में स्थित है। इस दुर्ग में चन्द्रमहल, शीशमहल, लाल व सफेद संगमरमर से बना बीस खम्भों का राजपूत भवन है जिसमें दीवाने आम और मुख्य द्वार पर शिला देवी का मंदिर है। यह महल हिन्दू एवं पारसी शैली का मिश्रण है। इस दुर्ग का निर्माण राव भारमल द्वारा करवाया गया था।

958. विजय मंदिर किला कहाँ स्थित है?

(a) करौली (b) डींग
(c) बयाना (d) शाहबाद

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (c) – विजय मंदिर किला वर्ष 1918 ई. में महाराजा जयसिंह प्रभाकर ने अलवर में कराया। विजय मंदिर गढ़ जिसका निर्माण भरतपुर के बयाना क्षेत्र में कराया गया। राजस्थान आयोग द्वारा इस प्रश्न को डिलीट कर दिया गया।

959. जसवंत थड़ा कहाँ अवस्थित है?

(a) बीकानेर (b) आमेर
(c) उदयपुर (d) जोधपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (a) – जसवंत थड़ा, राजस्थान के जोधपुर में अवस्थित है। इसका निर्माण महाराजा जसवंत सिंह की याद में उनके पुत्र महाराजा सरदार सिंह द्वारा करवाया गया था। इसका निर्माण संगमरमर से किया गया है जिसके कारण इसे 'मारवाड़ का ताजमहल' भी कहा जाता है यह मेहरानगढ़ दुर्ग के पास स्थित है।

960. झालरापाटन में नवलखाँ दुर्ग को नींव किसने रखी-

(a) मदन सिंह (b) पृथ्वी सिंह
(c) रतन सिंह (d) जालिम सिंह

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (b) – झालरापाटन में नवलखाँ दुर्ग की नींव "पृथ्वी सिंह" ने रखी थी। यह दुर्ग राजस्थान के झालवाड़ जिले में स्थित है। राजा पृथ्वी सिंह द्वारा इसका निर्माण 1860 ई. में शुरू करवाया गया था। इस दुर्ग के निर्माण पर होने वाले खर्च की राशि के आधार पर इसका नाम "नवलखाँ दुर्ग" रखा गया था।

961. भटनेर किला किसने बनवाया था?

(a) सूरत सिंह (b) भूपत
(c) बर सिंह (d) जयसिंह II

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (b) – भटनेर किला राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में स्थित है। इसका निर्माण 255 ई. से 285 ई. के मध्य में राजा भूपत द्वारा द्वारा कराया गया था।

962. निम्नलिखित में से कौन-सा चित्तौड़गढ़ दुर्ग में स्थित नहीं है?

(a) विजय स्तंभ (b) कीर्ति स्तंभ
(c) कुंभा महल (d) मोती महल

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (d) – राजस्थान में स्थित चित्तौड़गढ़ दुर्ग का आधुनिक निर्माता राणा कुम्भा को माना जाता है, जिसने चित्तौड़गढ़ दुर्ग के अन्दर विजय स्तम्भ, कीर्ति स्तम्भ तथा कुंभा महल का निर्माण कराया। मोती महल इसमें स्थित नहीं है बल्कि यह जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में राजा सूर सिंह द्वारा बनवाया गया है।

963. प्रसिद्ध चौरासी खम्भों की छतरी कहां स्थित है?

(a) कोटा (b) झालावाड़
(c) जयपुर (d) बूंदी

उत्तर - (d)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या—प्रसिद्ध चौरासी खम्भों की छतरी बूंदी में स्थित है। बूंदी अपनी विशिष्ट चित्रशैली के लिए प्रसिद्ध है।

964. राजस्थान में जहाँगीर के महल कहाँ स्थित है?

(a) किशनगढ़ (b) डीग
(c) अजमेर (d) पुष्कर

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – राजस्थान के प्रमुख महत्वपूर्ण महल, स्थान एवं निर्माणकर्ता।

महल	स्थान	निर्माणकर्ता
जहाँगीर महल	पुष्कर	
राजमहल	जयपुर	महाराजा सवाई माधो सिंह
हवामहल	जयपुर	महाराजा प्रपात सिंह
जगनिवास	उदयपुर (पिछौला झील)	जगत सिंह-II
सरिस्का महल	सरिस्का	ड्यूक ऑफ कनाट के स्वागत में निर्मित
उम्मेद महल	जोधपुर	उम्मेद सिंह द्वारा
राणाकुंभा महल	चित्तौड़गढ़	राणाकुंभा द्वारा
रामबाग पैलेस	जयपुर	

965. निम्न में से किस किले को e-Gov Rajasthan पुरुस्कार 2016-17 मिला है?

(a) नागौर
(b) गंगानगर
(c) जयपुर
(d) अजमेर

RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022

Ans. (a) : e-Gov Rajasthan पुरस्कार 2016-17 नागौर जिले को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार नागौर जिले के कलेक्टर श्री कुमार पाल गौतम ने प्राप्त किया।

966. सूची- I और सूची- II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

सूची-I	सूची-II
A. बबाई	i. अजमेर
B. तारागढ़	ii. उदयपुर
C. अचलगढ़	iii. जयपुर
D. जरगा	iv. सिरोही

कूट:

	a	b	c	d
(1)	iii	i	ii	iv
(2)	iii	i	iv	ii
(3)	iv	i	iii	ii
(4)	i	iii	iv	ii

RPSC ARO/A ARO-2022 (G.K.) and Horticultural RPSC-2022